ओलंपिक स्वर्ण विजेताओं को अब नकद राशि भी

एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए, विश्व एथलेटिक्स ने पेरिस ओलंपिक में 48 ट्रैक और फील्ड स्वर्ण पदक विजेताओं में से प्रत्येक को 50,000 डॉलर की पुरस्कार राशि प्रदान करने का निर्णय लिया है।

- ओलंपिक केवल खेल नहीं, बल्कि एक बड़ा व्यवसाय भी है। 2017 और 2021 के बीच अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने प्रसारण और विपणन अधिकारों और अन्य स्रोतों से 7.6 अरब डॉलर का राजस्व कमाया है। इसमें से विश्व एथलेटिक्स को 4 करोड़ डॉलर मिले हैं। अच्छा है कि यह धन सीधे खिलाडियों को दे दिया जाए। उच्च प्रदर्शन के लिए आखिर उनका खर्च भी तो बहुत होता है।

- क्या यह ओलंपिक भावना को कमजोर करेगा? यह तर्क गलत हो सकता है। एथलीटों की मुख्य प्रेरणा अभी भी ओलंपिक पुरस्कार जीतना है, न कि नकद राशि। लेकिन नकद राशि भी उनका अधिकार है।

अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को समय के साथ चलते हुए कमजोर महासंघों को उनकी विशिष्टताओं में समान पुरस्कार राशि देने में मदद करनी चाहिए।

‘द टाइम्स ऑफ इंडिया’ में प्रकाशित संपादकीय पर आधारित। 12 अप्रैल, 2024